पटना के नये तारामंडल कक्ष में 200 लोग एक साथ बैठकर देख सकेंगे 3डी और 2डी शो

चर्चा में क्यों?

31 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार की राजधानी पटना के लोगों को जल्द ही तारामंडल के नये ऑडिटोरियम में 3डी स्क्रीन पर तारों की दुनिया को देखने और समझने का अवसर मिलेगा, जिसके अंतर्गत एक साथ 200 लोग बैठकर 3डी और 2डी शो देख सकेंगे।

प्रमुख बिंदु

- तारामंडल में अमेरिकन 3डी स्क्रीन और जर्मन 3डी प्रोजेक्टर को इंस्टॉल किया गया है। जून के तीसरे सप्ताह में दर्शकों के लिये शो संचालित किया जाएगा।
- विभाग की ओर से 3डी शो के लिये चार फिल्मों को सेलेक्ट किया गया है। इसके साथ ही 2डी की आठ फिल्मों का चयन किया गया है।
- तारामंडल में 3डी शो को देखने के लिये दर्शकों को करीब 700 रुपए मूल्य का एक्टिव 3डी ग्लास भी मुहैया कराया जाएगा। शो के बाद सभी दर्शकों को एक्टिव 3डी ग्लास को जमा करना होगा।
- तारामंडल में छह डिजिटल 3डी प्रोजेक्टर के माध्यम से दर्शकों को सौरमंडल पर बनी वर्ल्ड क्लास फिल्में दिखाई जाएंगी।
- फिलहाल तारामंडल में फ्लोर फैबरिकेशन और सीटिंग एरेंजमेंट का कार्य शुरू किया गया है। करीब 34 करोड़ रुपए की लागत से तारामंडल के आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। तारामंडल में लेजर प्रोजेक्टर आरजीबी किरणों को कंप्यूटर के माध्यम से मिश्रित कर 3डी शो के लिये वास्तविक रंगों का निर्माण करेगा।
- इसके साथ ही दर्शकों के लिये 3डी साउंड सिस्टम को भी डेवलप किया गया है, जो दर्शकों को बैकग्राउंड आवाज के जरिये आकाशगंगा में पहुँचाने का एहसास कराएगा।
- इन चार 3डी फिल्मों का किया गया चयन:
  - **एस्ट्रॉय मिशन:** इसमें क्षुद्र ग्रह की बनावट और मानव जाति पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है, इसकी जानकारी दर्शकों को दी जाएगी।
  - **वीआर स्टार्स:** इसमें तारों का उद्भव और विकास की जानकारी देने के साथ ही दर्शकों को तारों के अंदरूनी स्ट्रक्चर के बारे में दिखाया जाएगा।
  - **वॉयजर मिशन:** इसमें वॉयजर मिशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही बृहस्पति और शनि ग्रह की रोमांचक तस्वीरों को दिखाया जाएगा।
  - **स्पेस नेक्स्ट:** इस फिल्म में स्पेस जर्नी के बारे में दर्शकों को विस्तार से बताया जाएगा।
- तारामंडल में चलने वाले 2डी और 3डी शो के लिये दर्शक घर बैठे टिकट बुक कर सकेंगे। तारामंडल प्रबंधन की ओर से दर्शकों के लिये ई-टिकट की सुविधा लोगों को प्रदान की जाएगी। ई-टिकट के अलावा मैनुअल टिकट की भी सुविधा दर्शकों को दी जाएगी। एक दिन में दर्शकों के लिये कुल आठ शो चलाए जाएंगे। इनमें चार 2डी और चार 3डी शो चलाए जाएंगे।
- विभाग की ओर से टिकट का रेट भी निर्धारित किया गया है। 14 वर्ष तक के बच्चों के लिये 2डी शो का टिकट मूल्य 50 रुपए और 3डी शो के लिये 60 रुपए होगा। वहीं, 14 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिये 2डी शो का टिकट 80 रुपए और 3डी शो के लिये 100 रुपए होगा। इसके अलावा स्कूली बच्चों के ग्रुप के लिये 10 और 20 रुपए टिकट का शुल्क रखा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/200-people-will-be-able-to-sit-together-watch-3d-2d-shows-in-patna-s-new-planetarium